भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0

गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ

E.Mail :upscoutsguides@yahoo.comWebsite : www.upbsg.org

पत्रांक–टी0एस0–20/वा0का0/1314 /2024–25 दिनांक–31 अगस्त,2024

प्रेषक,

प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड)
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0

सेवा में,

सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
भारत स्काउट एवं गाइड,उ0प्र0
मण्डल वाराणसी।

विषयः– **बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया प्रादेशिक मुख्यालय के पत्रांक–टी0एस0–20/वा0का0/507/2024–25 दिनांक 07 जून,2024 एवं एस0जी0 18/590/2024–25 दि0–13 जून,2024 वार्षिक कैलेण्डर का सन्दर्भ ग्रहण करें। जिसके अनुसार वार्षिक वयस्क प्रशिक्षण कार्यक्रम 2024–25 के अनुपालन में आपके कार्यक्षेत्र में उपर्युक्त विषयक शिविर का आयोजन किया जाना है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

1	**कोर्स का नाम**	बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन
2	**अवधि**	दि0–26 सितम्बर,2024 से 02 अक्टूबर,2024
3	**स्थान**	मण्डलीय ए0एस0ओ0सी द्वारा जनपद के परामर्श से निर्धारित होगा।
4	**योगदान**	रू0–2100/–(दो हजार एक सौ)मात्र।
5	**प्रतिभागिता हेतु अर्हता**	जनपद के नये पंजीकृत दलों के प्रभारी अध्यापक/अध्यापिका/लीडर जो पहले प्रशिक्षित न हो।
6	**सम्भावित प्रतिभागियों के आवेदन प्रादेशिक मुख्यालय मे उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि**	10 सितम्बर,2024
7	**चयनित/ अर्ह प्रतिभागियों की सूची के प्रकाशन की तिथि**	17 सितम्बर,2024
8	**सामग्री जो साथ लायेगें** – तीन मीटर सूत की रस्सी, नोट बुक, पेन, पेंसिल, टार्च, भोजन करने के बर्तन, मौसम के अनुसार बिस्तर, व्यक्तिगत उपयोग के कपड़े एवं दवाएं आदि। निर्धारित स्काउट/गाइड यूनिफार्म– **(क)**– नीले रंग की पैंट, स्टील ग्रे शर्ट पैच पाकेट के साथ, नीली टोपी बैज सहित, ग्रे नायलान की बेल्ट, स्कार्फ, वागेल (स्काउट मास्टर हेतु) **(ख)**– नीले रंग की साड़ी, सफेद ब्लाउज (शर्ट टाइप स्पोर्ट्स कालर के साथ), ब्राउन नायलान की बेल्ट, स्कार्फ, वागेल (गाइड कैप्टन हेतु)	

नोटः– **प्रशिक्षक मण्डल की नियुक्ति अर्ह प्रतिभागियों की सूची प्राप्त होने के उपरान्त ही की जायेगी।**

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार शिविर का आयोजन सुनिश्चित कराने के लिए सक्षम कार्यवाही करें।

भवदीय,

(सितारा त्यागी)
प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड)

(अरविन्द कुमार श्रीवास्तव)
प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)

प्रतिलिपिः निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रादेशिक मुख्यायुक्त,भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
2. समस्त प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
3. प्रादेशिक सचिव,भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
4. संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मण्डल।
5. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला सचिव वाराणसी मण्डल।
6. समस्त जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्का0/गा0)/जिला सगंठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)/जिला स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन बेसिक शिक्षा वाराणसी को इस आशय से कि अर्ह प्रतिभागियों के आवेदन सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
7. प्रभारी, आई0टी0 सेल को इस आशय से कि आवेदन पत्र का गूगल फार्म विकसित कर वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

22/8/24
(सितारा त्यागी)
प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड)

(अरविन्द कुमार श्रीवास्तव)
प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)